भारत सरकार

रेल मंत्रालय

राज्य सभा

09.12.2022 के

अतारांकित प्रश्न सं. 455 का उत्तर

आरआरबी द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षाएँ

455. श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत एक दशक में रेलवे भर्ती बोर्डो द्वारा कितनी भर्तियों हेतु परीक्षाएं सम्पन्न कराई गई हैं;

(ख) इन परीक्षाओं के माध्यम से कितने अभ्यार्थियों की नियुक्ति की गई है;

(ग) क्या यह सच है कि रेलवे भर्ती बोर्डो द्वारा ली गई कई परीक्षाएं विभिन्न कारणों से निरस्त कर दी हैं;

(घ) गत पाँच वर्षो के दौरान ऐसी निरस्त परीक्षाओं का जोन-वार ब्यौरा क्या है;

(ड.) रेलवे भर्ती बोर्डो द्वारा अभ्यार्थियों से ली गई धनराशि से भारी-भरकम कमाई हुई है; और

(च) गत पाँच वर्षों में रेलवे भर्ती बोर्डो द्वारा अभ्यर्थियों से वसूले गए परीक्षा शुल्क का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (च): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

आरआरबी द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षाओं के संबंध में दिनांक 09.12.2022 को राज्य सभा में श्री राम नाथ ठाकुर के अतारांकित प्रश्न संख्या 455 के भाग (क) से (च) के उत्तर से संबंधित **विवरण।**

(क): 2012-2022 तक की अवधि के दौरान रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) द्वारा अधिसूचित रिक्तियों की संख्या का विवरण निम्नानुसार है:

वर्ष	सीईएन सं.	वर्ग का नाम	सूचित रिक्तियां
2012	01/2012	सेक्शन इंजीनियर (एसई)/जूनियर इंजीनियर (जेई)	6541
	02/2012	रासायनिक और धातुकर्म सहायक की सुरक्षा श्रेणियां (सीएमए)	249
	03/2012	गैर तकनीकी लोकप्रिय श्रेणियां (एनटीपीसी) स्नातक श्रेणियां(जी), सहायक स्टेशन मास्टर(एएसएम)	6829
	04/2012	कारीगरों (सभी श्रेणियां)	12594
	05/2012	पैरा मेडिकल	825
2013	कोई नई सीईएन जारी नहीं की गई।		
2014	01/2014	सहायक लोको पायलट (एएलपी) एवं तकनिशियन	26567
	02/2014	वरि. सेक्शन इंजीनियर(एसएसई), जेई, मुख्य डीपो सामग्री अधीक्षक (सीडीएमएस), सीएमए आदि	6118
	03/2014	मिनिस्टेरियल एवं आइसोलेटेड श्रेणियां	1406
	04/2014	पैरा मेडिकल श्रेणियां	951
	01/2015	एसएसई, जेई, सीडीएमएस, सीएमए आदि	951
2015	02/2015	दिव्यांगों (पीडब्ल्यूडी) के लिए विशिष्ट भर्ती अभियान -एनटीपीसी- पूर्वस्नातक (यूजी)	651
	03/2015	एनटीपीसी (जी)	14023
2016	कोई नई सीईएन जारी नहीं की गई।		
2017	कोई नई सीईएन जारी नहीं की गई।		
2018	01/2018	एएलपी एवं तकनिशियन	64371
	02/2018	लेवल-1 के विविध पद	63202
	03/2018	जेई, डिपो सामग्री अधीक्षक (डीएमएस), सीएमए	13538
2019	01/2019	एनटीपीसी (जी एवं यूजी)	35281
	02/2019	पैरा मेडिकल श्रेणियां	1923
	03/2019	मिनिस्टेरियल एवं आइसोलेटेड श्रेणियां	1663
	आरआरसी 01/2019	लेवल-1 के विविध पद	103769

(ख): 2012-2013 से 2021-2022 तक की अवधि के दौरान 21 आरआरबी एवं रेलवे भर्ती सेलों (आरआरसी) द्वारा पैनलबद्ध किए गए उम्मीदवारों की संख्या 481198 है।

(ग): जी नहीं।

(घ): प्रश्न नहीं उठता।

(ड.) और (च): पिछले पांच वर्षों के दौरान आरआरबी द्वारा एकत्रित किए गए परीक्षा शुल्क का विवरण निम्नानुसार हैः-

क्र.सं.	**केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचना (सीईएन)**	**कुल प्राप्त शुल्क (करोड़ रू. में)**
1.	01-2018- सहायक लोको पायलट (एएलपी) एवं तकनिशियन	186.86
2.	02/2018-लेवल -1	692.71
3.	03/2018-जुनियर इंजीनियर(जेई)/डिपो सामग्री अधीक्षक (डीएमएस)/ रासायनिक और धातुकर्म सहायक (सीएमए)	97.17
4.	01/2019- गैर तकनीकी लोकप्रिय श्रेणियां (एनटीपीसी)- स्नातक एवं पूर्वस्नातक	441.53
5.	02/2019- पैरा मेडिकल श्रेणियां	14.62
6.	03/2019- आइसोलेटेड एवं मिनिस्टेरियल श्रेणियां	3.73
7.	आरआरसी-01/2019-लेवल-1 (पूर्ववर्ती का ग्रुप डी)	418.31

अभ्यर्थियों से केवल नाममात्र का शुल्क ही लिया जाता है और अनारक्षित (यूआर) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणियों से संबंधित पुरुष उम्मीदवारों से लिए गए 500 रुपये के मामूली शुल्क में से 400 रुपये, उन उम्मीदवारों को वापस कर दिए जाते हैं जो परीक्षा में उपस्थित होते हैं। अनुसूचित जाति (एससी)/अनुसूचित जनजाति (एसटी)/भूतपूर्व सैनिकों/विकलांग व्यक्तियों, महिलाओं, अल्पसंख्यकों और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों आदि श्रेणियों से संबंधित उम्मीदवारों से लिए गए 250 रुपये के पूरे मामूली शुल्क उनको वापस कर दिए जाते हैं जो परीक्षा में उपस्थित होते हैं।

******